प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक : **19.08.2020** को राजकीय महाविद्यालय चन्द्रबदनी (नैखरी) टिहरी गढ़वाल की प्राचार्या **प्रो0(श्रीमती) पुष्पा उनियाल** की अध्यक्षता में लोक सेवा आयोग से चयनित सहायक प्राध्यापकों श्री शाकिर शाह, गणित सुश्री अनुपा फोनिया वनस्पति विज्ञान, सुश्री सौम्या कबटियाल, भूगोल एवं डॉ0 ऋचा गहलौत, भौतिक विज्ञान को फैकल्टी इन्डैक्शन प्रोगाम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्राचार्या द्वारा नवनियुक्त प्राध्यापकों को अध्ययन व अध्यापन की बारीकियो के साथ छात्र–छात्राओं के प्रति भावनात्मक लगाव, महाविद्यालय में अनुशासन, व नैतिक आचरण पर जोर दिया गया। महाविद्यालय में अवकाश के नियमों,अपने अधिकारों–कर्तव्यों के प्रति सचेत होने तथा वित्तीय नियमों से भी नवनियुक्ति प्राध्यापकों को अवगत कराया, डॉ सुषमा चमोली ने नवनियुक्ति प्राध्यापकों को बधाई दी व डॉ0 प्रतापसिंह बिष्ट ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुये ओरियनटेशन कार्यक्रम के बारे मे बताया तथा धैर्य व लगन से अध्ययन व अध्यापन कार्य आगे बढ़ाने की बात की डॉ0 गुरू प्रसाद थपलियाल व डॉ0 विनोद कुमार रावत ने उन्हे समय का सदुपयोग कर अध्यापन कार्य के साथ–साथ शोध कार्य करने पर जोर दिया। श्री आशुतोष मिश्रा ने फैकल्टी इनडैक्शन प्रोगाम के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की तथा सभी को महाविद्यालय के कार्यो को करने के साथ–साथ अपने कैरियर को आगे बढ़ाने की सलाह दी चयनित प्राध्यापक श्री शाकिर शाह, डॉ0 ऋचा गहलौत, सुश्री सौम्या कबटियाल व सुश्री अनुपा फोनिया ने अपने–अपने अनुभव साझा किये अन्त में सभी के द्वारा वर्तमान समस्याओं पर परिचर्चा की गयी इस अवसर पर श्री गौरव नेगी व श्री सरन सिंह भी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner